छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत | पंजीयन क्रमांक : 122202245243

अध्यक्ष
शेषनारायण साहू
मो. 8319874758

सचिव
धर्मेन्द्र कुमार
मो. 9098857516

कोषाध्यक्ष
अक्षय खुशला
मो. 7247241111

प्रति,

1/07/20

कलेक्टर महोदय
जिला–दुर्ग (छ.ग.)

विषय : – जिला स्तर के तहत संचालित आधार केन्द्रों में सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र।

—000—

विषयांतर्गत सादर निवेदन है कि जिला–दुर्ग के तहत विभिन्न जगहों पर आधार केन्द्रों का संचालन आपके विभाग द्वारा संपादित किया जा रहा है। उक्त आधार केन्द्रों में सुगमता से संचालन किये जाने तथा संबंधित केन्द्रों में आधार ऑपरेटरों हेतु निम्नलिखित मांग (प्रार्थना) की जा रही है जिसके तहत :–

1. प्रत्येक आधार केन्द्रों में असुविधा एवं नागरिकों के उपद्रव से बचने 01 गार्ड की आवश्यकता है। वर्तमान में जिले के प्रत्येक आधर सेवा केन्द्र में दस्तावेज अपडेशन में दस्तावेज के दिशा–निर्देश के कारण आवेदकों से विवाद की स्थिति बनती है। जिस कारण आधार आपरेटरों पर सम्पत्ति व जान–माल की हानी का खतरा बना रहता है। अतः महोदय जी से निवेदन है कि सुरक्षा व्यवस्था आधार सेंटर में उपलब्ध कराया जावे।
2. आधार केन्द्रों में कार्य कर रहे ऑपरेटरों हेतु आई.डी कार्ड (परिचय पत्र) उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. आधार निगरानी समिति में किसी आधार ऑपरेटर के न होने के कारण कार्य में होने वाली समस्या एवं आवश्यक सुझाव या मार्गदर्शन नहीं हो पाता है। जिस कारण जनता व आपरेटरर्स को कार्य करने व करवाने में असुविधा होती है। इसलिए समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तर पर समय–समय पर (प्रत्येक माह) होने वाले आधार निगरानी

ऑफिस पता : मकान नं. 14, वार्ड क्र. 01, बारना, धमतरी, छत्तीसगढ़, पिन-493663, ईमेल : aadharunioncg@gmail.com

AADHAAR

समिति की बैठक में हमारे आधार यूनियन के 02 पदाअधिकारियों को भी शमिल किया जावें।

4. आधार केन्द्रों में कार्य कर रहे ऑपरेटरों का बीमा एवं उनके आधार से संबंधित उपकरणों का भी बीमा किया जावें।
5. पूर्व में कार्यरत् आपरेटरर्स जिनका आधार आई.डी. किसी कारणवश निलंबित किया गया था, उन सभी का निलंबन समय पूरा होने के बाद भी विगत 06 महिनों में आई.डी शुरू नहीं कि गई है कृपया कर उक्त आई.डी. को पुनः चालू करने की व्यवस्था किया जायें।
6. पूर्व व वर्तमान में सभी शिविर में व्यवसाी एवं प्रचार–प्रसार की कमी के कारण शिविर पूर्णतः सफल नहीं हो पता अतः भविष्य में शिविर हेतु दिन तय करने के बाद शिविर दिनांक से एक सप्ताह पहले प्रचार–प्रसार एवं शिविर दिनांक में शिविर स्थल पर आवश्यक व्यवस्था किया जायें।

अतः आपसे करबद्ध निवेदन है कि हमारी उपरोक्त मांगों को आपके द्वारा शीघ्र पूर्ण किया जायेगा ऐसी हमें अपेक्षा है।

धन्यवाद

(1)
2)
(3)
(4)
(5)
6)
7)
(8
(9)